
# कालेज तक पहुँचने का नक्शा (ROAD MAP)




यह संस्थान आजमगढ़-वाराणसी राजमार्ग (नेशनल हाई-वे 28) पर रोहुआ मोड़ (गोमाडीह) से 3 कि.मी. पश्चिम तथा आज़मगढ़-जौनपुर राजमार्ग (नेशनल हाई-वे 31) पर बेला मोड़ से 3.5 कि.मी. पूरब बालपुर खरैला में स्थित है।

## S.K. MISHRA COLLEGE OF PHARMACY

(Approved by AICTE & PCI and Affiliated to BTE U.P. & AKTU Lucknow)

BALPUR-KHARAILA, POST-SARAIPALTU, BLOCK-THEKMA
DISTT.-AZAMGARH (U.P.) PIN CODE : 276302

Mob.: 9956469511, 9936846391, 9455115748, 9721339006, 7268861111, 8355000570

Website : www.skmcollegeofpharmacy.in    Email - skmpc2018@gmail.com

Estd. 2018

D. Pharma College Code : 4844
B. Pharma College Code : 923




# S.K. MISHRA
# COLLEGE OF PHARMACY

BALPUR-KHARAILA, POST-SARAIPALTU, TEHSIL-LALGANJ, AZAMGARH (U.P.) 276302

(Approved by AICTE & PCI and Affiliated to BTE & AKTU UP Lucknow)

| D. PHARMA | B. PHARMA |
|---|---|
| 02 वर्षीय (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 04 वर्षीय (बैचलर ऑफ फार्मेसी) |

# PROSPECTUS

यह संस्थान आजमगढ़-वाराणसी राजमार्ग (नेशनल हाई-वे 28) पर रोहुआ मोड़ (गोमाडीह) से 3 कि.मी. पश्चिम तथा आज़मगढ़-जौनपुर राजमार्ग (नेशनल हाई-वे 31) पर बेला मोड़ से 3.5 कि.मी. पूरब बालपुर खरैला में स्थित है।

Mob.: 9956469511, 9936846391, 9455115748, 9721339006, 7268861111, 8355000570



## प्रबन्धक का संदेश (Message from Manager)

### प्रिय छात्र/छात्रायें एवं अभिभावक

यह फार्मेसी संस्थान एस.के. मिश्रा कालेज ऑफ फार्मेसी, आजमगढ़ जनपद के लालगंज तहसील अन्तर्गत बालपुर खरैला नामक स्थान पर स्थित है। जब आप आज़मगढ़ शहर से वाराणसी राजमार्ग (नेशनल हाई-वे 28) पर आयेंगे तो बिन्द्राबाजार से थोड़ा और आगे बढ़ने पर रोहुआ मोड़ (गोमाडीह) से 3 किमी. पश्चिम पर यह फार्मेसी संस्थान स्थापित है। यह संस्थान आजमगढ़ जनपद के लालगंज तहसील का एक मात्र पहला फार्मेसी कालेज है।

इस कालेज की स्थापना का उद्देश्य यह है कि यहाँ पर इस क्षेत्र के एवं जनपद तथा अन्य पड़ोसी जिलों के छात्र/छात्राओं को फार्मेसी (डी.फार्मा/बी.फार्मा) की शिक्षा प्रदान कर उन्हें चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में सेवा प्रदान करने हेतु सक्षम बनाना ताकि वे राष्ट्र सेवा में अपना योगदान देकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकें। क्योंकि आज के परिवेश में एवं भविष्य में भी मेडिकल/फार्मेसी की शिक्षा का बहुत ही ज्यादा महत्व है।

इस क्षेत्र के तथा जनपद एवं पडोसी जनपदों के छात्रों को इस फार्मेसी शिक्षा को प्राप्त करने हेतु दूर-दूर बड़े शहरों में जाना पड़ता था। जिससे उन्हें अत्याधिक कठिनाईयों एवं आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ता था। किन्तु अब इस संस्थान (फार्मेसी कालेज) की स्थापना से ऐसे इच्छुक छात्र/छात्राओं को डिप्लोमा इन फार्मेसी (D.Pharma), बी.फार्मा (B.Pharma) बैचलर ऑफ फार्मेसी की पढ़ाई करने के लिए कहीं दूर जाना नहीं पड़ेगा। संस्थान में डी. फार्मा व बी.फार्मा (फार्मेसी) पाठ्यक्रम सम्बन्धी सभी प्रकार के लैब, हास्टल व मेस इत्यादि की सुविधा उपलब्ध है।

इसलिए इस संस्थान (फार्मेसी कालेज) में प्रवेश लेकर एवं उत्तम शिक्षा प्राप्त कर अपना भविष्य उज्ज्वल बनायें।

इसी शुभकामनाओं के साथ.....

संस्थापक/प्रबन्धक (चेयरमैन)

**सन्तोष कुमार मिश्र**

(M.A., B.Ed.)

(समाजसेवी एवं राजनीतिज्ञ)

Mob.: 9956469511

## डी.फार्मा/बी.फार्मा में प्रवेश (प्रवेश फार्म भरने) हेतु महत्वपूर्ण निर्देश

1. आवेदन-पत्र ध्यान पूर्वक पढ़कर व समझकर स्वच्छ अक्षरों में भरें।
2. आवेदन-पत्र के साथ हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट (विज्ञान वर्ग) अंक तालिका व प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड की प्रति, चरित्र प्रमाण-पत्र, स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र, (TC) नवीनतम जाति प्रमाण-पत्र, (SC/ST & OBC) हेतु आय प्रमाण-पत्र, व निवास प्रमाण पत्र व आधार कार्ड की छायाप्रति प्रस्तुत करें।
3. आवेदन पत्र के साथ 10 Passport size (नवीनतम) रंगीन फोटो संलग्न करें।
4. अपना स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र जो किसी सरकारी अस्पताल के डाक्टर द्वारा जारी किया गया हो।
5. कालेज के बारे में कोई भी जानकारी हेतु अभ्यर्थी कालेज के कार्यालय में सम्पर्क कर अथवा कालेज की वेबसाइट www.skmcollegeofpharmacy.in पर लॉगआन करके प्राप्त कर सकते है। साथ ही यदि कोई सूचना प्रेषित करनी हो तो इमेल skmpc2018@gmail.com पर भेज सकते है।
6. BTE U.P. & AKTU लखनऊ के निर्देशानुसार शैक्षिक सत्र के दौरान सभी छात्रों को 85 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। क्योंकि बोर्ड विश्वविद्यालय एवं शासन के निर्देशानुसार Thumb Impression द्वारा Attendance लगाया जायेगा।
7. प्रत्येक छात्र/छात्रा को कालेज द्वारा ड्रेस कोड लागू किया जायेगा तथा पहचान पत्र, प्रदान किया जायेगा। जिसे सभी विद्यार्थी अध्ययन के दौरान अपने साथ अवश्य लेकर आयें। बिना पहचान-पत्र व ड्रेस के संस्थान परिसर में प्रवेश वर्जित रहेगा।
8. प्रवेश लेने वाले छात्र/छात्राओं की न्यूनतम योग्यता-इण्टरमीडिएट (विज्ञान वर्ग) पास होना अनिवार्य है।
9. उ.प्र. प्राविधिक शिक्षा परिषद्, ए.के.टी.यू., लखनऊ पी.सी.आई तथा शासन एवं संस्थान द्वारा समय-समय पर जारी नियमों व निर्देशों का अनुपालन करना अनिवार्य है।
10. किसी भी अधूरे फार्म पर या वांछित प्रमाण-पत्र के अभाव में आवेदन-पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।
11. सभी छात्रों को संस्थान द्वारा जारी अनुशासन सम्बन्धित सभी नियमों का अनुपालन करना अनिवार्य है।
12. हॉस्टल में रहने वाले छात्र/छात्राओं को हॉस्टल के नियमों, निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है।



# कालेज कैम्पस

























# कालेज का परिचय

एस.के. मिश्रा कालेज ऑफ फार्मेसी, आज़मगढ़ जनपद के बालपुर-खरैला, पोस्ट-सरायपल्टू, तहसील-लालगंज, आजमगढ़ नामक स्थान पर स्थापित है। इस संस्थान की स्थापना वर्ष 2017 में की गयी और 2018 से मान्यता प्राप्त होकर संचालित हो रही है। यह संस्थान AICTE नई दिल्ली एवं P.C.I. (फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इण्डिया) से अनुमोदित है तथा Board of Technical Education U.P. & AKTU Lucknow से सम्बद्ध/मान्यता प्राप्त है।

यहाँ पर एलोपैथिक चिकित्सा सेवा की डी.फार्मा. (डिप्लोमा इन फार्मेसी) 02 वर्षीय पाठ्यक्रम, बी.फार्मा. (बैचलर ऑफ फार्मेसी) 04 वर्षीय पाठ्यक्रम की शिक्षा प्रदान की जाती है। जिसमें सह शिक्षा (Co-Education) यानि छात्र/छात्रायें दोनों शिक्षा ग्रहण करेगें। संस्थान में डी.फार्मा पाठ्यक्रम से सम्बन्धित सुसज्जित लैब (Lab), शिक्षण कक्ष (Class rooms), लाइब्रेरी, कम्प्यूटर लैब एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं तथा छात्र/छात्राओं हेतु अलग-अलग हॉस्टल, मैस और शौचालय की एवं 24 घण्टे बिजली, जनरेटर की व्यवस्था उपलब्ध है।

यहाँ पर कुशल अनुभवी एवं योग्य शिक्षकों द्वारा सैद्धांतिक (Theory) एवं प्रायोगिक (Practical) शिक्षा प्रदान की जाती है तथा PCI / BTE UP / AKTU के पाठ्यक्रम के अनुसार गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा कुशल प्रवक्ताओं के उचित मार्गदर्शन में प्रदान किया जाता है।

इस संस्थान में प्रवेश लेने व अध्ययन करने वाले प्रत्येक छात्र/छात्राओं को उ.प्र. सरकार एवं समाज कल्याण विभाग के नियमानुसार छात्रवृत्ति (Scholarship) एवं शुल्क प्रतिपूर्ति भी प्रदान कराया जाता है। यह संस्थान आजमगढ़ जिले के लालगंज तहसील स्तर पर एक मात्र पहला फार्मेसी कालेज है। यह इस क्षेत्र एवं जनपद तथा यहाँ के छात्र/छात्राओं के लिए गौरव की बात है।



## संचालित पाठ्यक्रम

# डी.फार्मा (Diploma in Pharmacy)

पाठ्यक्रम, 02 वर्षीय डिप्लोमा इन फार्मेसी

# बी.फार्मा (Bachelor Of Pharmacy)

पाठ्यक्रम, 04 वर्षीय बैचलर ऑफ फार्मेसी

(Approved by AICTE / PCI and Affiliated to BTE & AKTU U.P. Lucknow)

## प्रवेश योग्यता : 10+2 (With PCB/PCM)

इस कोर्स में प्रवेश लेने हेतु छात्र/छात्राओं को किसी भी बोर्ड से इण्टरमीडिएट (विज्ञान वर्ग) से पास होना अनिवार्य है।

### प्रवेश प्रक्रिया-संस्थान में प्रवेश की प्रक्रिया निम्न प्रकार है।

1. उ.प्र. संयुक्त प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित छात्र काउसिलिंग के माध्यम से संस्थान के नाम या कोड (4844) को प्रथम स्थान पर लॉक करें।
2. संयुक्त प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित एवं असफल छात्र सीधे प्रवेश ले सकते है।
3. इण्टरमीडिएट (विज्ञान वर्ग से) पास छात्र/छात्रायें सीधे प्रवेश ले सकते है।
4. UPSEE में सम्मलित सभी छात्र काउसिलिंग के माध्यम से संस्था के कोड (923) लॉक कराकर प्रवेश लें।

### छात्रवृति की सुविधा

1. संस्थान में प्रवेशित सभी वर्ग (जाति) के छात्र/छात्राओं को समाज कल्याण विभाग द्वारा उ.प्र. शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति प्रदान की जाती है।
2. छात्रवृत्ति हेतु सभी छात्र/छात्राओं को नियमानुसार अपने-अपने नवीनतम आय प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड की प्रति 3 सेट में जमा करना अनिवार्य होगा।
3. संस्थान के निकटतम बैंक शाखा में नियमानुसार खाता भी खुलवाना होगा। जिसके लिए आवश्यक प्रपत्र उपलब्ध करें।




## कालेज के सामान्य निर्देश

यह संस्थान आपका ही है। इस कालेज की अपनी गरिमा, परम्पराएं एवं मान्यताएं है। इनकी रक्षा करना, नियमों व निर्देशों का अनुपालन करना संस्था परिसर को स्वच्छ रखना, आपका कर्त्तव्य ही नहीं बल्कि आपका धर्म है। सदाचरण एवं अनुशासन से कालेज परिसर में सौहार्दपूर्ण शिक्षा का ऐसा वातावरण बनाये जिससे कुशल अध्यापको द्वारा मार्गदर्शन गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान कर आपके भविष्य को उज्ज्वल बनाया जाये। कालेज के भवन एवं परिसर की स्वच्छता सुरक्षा एवं विकास का संकल्प ले।

कालेज द्वारा समय-समय पर जारी सूचना एवं नियमों व निर्देशों का पालन करें। और B.T.E. U.P. / AKTU Lucknow के निर्देशानुसार व नियमानुसार प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी में 85 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होगी। संस्था द्वारा समय-समय पर जारी सारे नियमों का पालन करना आपका परम कर्तव्य है।

## पुस्तकालय / कम्प्यूटर लैब





